# REET 2025

**Level – 1 & 2**

8

# शिक्षा मनोविज्ञान

# अधिगम

ऐसे ही प्रश्न आयेगें परीक्षा मे

RPN 1 Study Point

**101. थॉर्नडाइक के सीखने के गौण नियमों में सम्मिलित नहीं है-**

(a) मानसिक स्थिति का नियम

(b) आंशिक क्रिया का नियम

(c) अभ्यास का नियम

(d) सादृश्यता का नियम

**102. "जिन प्रतिक्रियाओं को सीखने के उपरांत संतुष्टि प्राप्त होती है, उन्हें सीख लिया जाता है," कहलाता है**

(a) कल्पना का नियम
(b) प्रभाव का नियम
(c) तत्परता का नियम
(d) सापेक्षता का नियम

**103. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?**

(a) घोड़े को तालाब तक ले जाया जा सकता है और उसको पानी पीने के लिये बाध्य किया जा सकता है।

(b) घोड़े को न तो तालाब तक ले जाया जा सकता है और न ही पानी पीने के लिये बाध्य किया जा सकता है।

(c) घोड़े को तालाब पर ले जाकर उसको पानी पिलाने के लिये सब कुछ किया जा सकता है।

(d) घोड़े को तालाब तक ले जाया जा सकता है, लेकिन उसको पानी पीने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता।

**104. एक शिक्षक होने के नाते आप सीखने के किस नियम को नहीं अपनायेंगे?**

(a) आंशिक क्रिया का नियम
(b) तत्परता का नियम
(c) अभ्यास का नियम
(d) प्रलोभन का नियम

**105. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम का एक मुख्य थार्नडाइक नियम है?**

(a) उपयोग का नियम (b) अभ्यास का नियम

(c) आत्मीकरण का नियम (d) मनोवृति का नियम

**106. सीखने की तत्परता ........ की ओर संकेत करती है।**

(a) शिक्षार्थियों के सामान्य योग्यता स्तर।

(b) सीखने के सांतत्यक में शिक्षार्थियों के वर्तमान संज्ञानात्मक स्तर।

(c) सीखने के कार्य की प्रकृति को संतुष्ट करने।

(d) थार्नडाइक के तत्परता नियम

**107. निम्न में से कौनसा कारक, थार्नडाइक के अधिगम से सुमेलित नहीं है?**

(a) तत्परता
(b) अभ्यास
(c) गुणवता
(d) प्रभाव

**108. एक बच्चा अतीत की समान परिस्थिति में की गई अनुक्रियाओं के आधार पर नई स्थिति के प्रति अनुक्रिया करता है, यह किससे सम्बन्धित है?**

(a) सीखने की प्रक्रिया का 'अभिवृत्ति नियम'
(b) सीखने का 'तत्परता नियम'
(c) सीखने का सादृश्यता-नियम
(d) सीखने का प्रभाव-नियम

**109. तत्परता का नियम, अभ्यास का नियम एवं प्रभाव का नियम निम्नांकित में से किस अधिगम सिद्धान्त से संबद्ध हैं?**

(a) प्रयास एवं त्रुटि
(b) शास्त्रीय अनुबंधन
(c) सामाजिक अधिगम
(d) संकेत अधिगम

**110. 'प्रयत्न एवं भूल के सिद्धांत' को दर्शाने के लिए थॉर्नडाइक ने किस पर प्रयोग किया जाता था?**

(a) चूहों पर

(b) बन्दर पर

(c) कबूतर पर

(d) बिल्ली पर

**111. थॉर्नडाइक का सिद्धांत किस नाम से जाना जाता है?**

(a) संज्ञानात्मक

(b) संयोजनवाद

(c) शास्त्रीय अनुबंधन

(d) सक्रिय अनुबंधन

**112. 'प्रयास एवं त्रुटि' सिद्धांत में सबसे महत्त्वपूर्ण है-**

(a) आवश्यकता व पुनर्बलन

(b) लक्ष्य व आवश्यकता

(c) प्रेरणा व पुनर्बलन

(d) अभ्यास व आवश्यकता

113. थॉर्नडाइक ने सर्वप्रथम प्रयास एवं त्रुटि का विचार कब दिया?

(a) वर्ष 1913 में

(b) वर्ष 1898 में

(c) वर्ष 1900 में

(d) वर्ष 1910 में

**114. प्रशिक्षण एवं अभ्यास सम्बन्धित है :**

(a) संज्ञानात्मक वाद से
(b) व्यवहारवाद से
(c) निर्मितवाद से
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

महारथ Academy

**115. सम्बन्धवाद (साहचर्यवाद) के सिद्धान्त से कौन-सा बन्ध सम्बन्धित है?**

(a) स्थितियां व प्रत्युत्तर

(b) उद्दीपन व प्रत्युतर

(c) प्रत्युत्तर व प्रतिक्रिया

(d) उद्दीपन व प्रतिक्रिया

116. "व्यक्ति तब तक नहीं सीख सकता, जब तक वह तत्पर न हो" यह किसने कहा है?

(a) हरलॉक

(b) थॉर्नडाइड

(c) गैसेल

(d) स्कीनर

**117. "व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखता है । यह कथन अधिगम के किस सिद्धान्त पर आधारित है ?**

(a) शास्त्रीय अनुबन्ध
(b) अन्तर्दृष्टि
(c) प्रयास एवं त्रुटि
(d) यांत्रिक अनुबन्ध

**118. उद्दीपक अनुक्रिया के मध्य साहचर्य स्थापित करने वाले प्रक्रम को कहते हैं-**

(a) प्रेरणा
(b) संवेग
(c) अधिगम
(d) संप्रत्यय

**119. सीखने का वह सिद्धान्त जो पूर्ण रूप से और केवल अवलोकनीय व्यवहार पर आधारित है, सीखने के ... सिद्धान्त से सम्बद्ध है-**

(a) संज्ञानवादी
(b) विकासवादी
(c) व्यवहारवादी
(d) रचनावादी

**120. सीखने की प्रक्रिया में विद्यार्थी द्वारा की गई त्रुटियों के सम्बन्ध में आपकी दृष्टि में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सर्वोत्तम है?**

(a) विद्यार्थी को कभी त्रुटि नहीं करनी चाहिए।

(b) त्रुटियाँ अधिगम प्रक्रिया का भाग है।

(c) विद्यार्थी की लापरवाही के कारण त्रुटियाँ होती हैं।

(d) कभी-कभी विद्यार्थी त्रुटियाँ कर सकता है।

**121. व्यवहारवाद पर आधारित अधिगम सिद्धान्तवादी इस विश्वास को मानते है कि -**

(a) बालक स्वाभाविक अधिगमकर्त्ता है।

(b) वातावरण व्यक्ति को बदल सकता है।

(c) सभी प्रकार का व्यवहार सीखा जा सकता है।

(d) प्रत्येक व्यक्ति सब कुछ सीख सकता है।

महारथ Academy

**122. अधिगम के शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत से संबंधित है?**

(a) E.L. थॉर्नडाइक

(b) B.F. स्कीनर

(c) I.P.पावलॉव

(d) कुर्त लेविन

**123. पावलॉव के प्राचीन अनुबंधन सिद्धांत में भोजन को अनुबंधन की भाषा में क्या कहा जाता है?**

(a) अनुबंधित अनुक्रिया

(b) अनुबंधित उद्दीपक

(c) अनानुबंधित अनुक्रिया

(d) अनानुबंधित उद्दीपक

**124. पावलॉव ने अधिगम का कौन-सा सिद्धांत प्रतिपादित किया?**

(a) आंशिक अनुक्रिया सिद्धांत

(b) अनुकूलित-अनुक्रिया सिद्धांत

(c) बहुप्रतिक्रिया सिद्धांत

(d) संयोजनवाद का सिद्धांत

**125. पावलॉव के अनुबंधन प्रयोग में केवल घंटी की ध्वनि को उपस्थित करने पर कुत्ते के द्वारा होने वाली अनुक्रिया क्या कहलाती है?**

(a) अनुबंधित अनुक्रिया

(b) अनानुबंधित अनुक्रिया

(c) अदृश्य अनुक्रिया

(d) स्वाभाविक अनुक्रिया

126. पावलॉव के अनुबंधन प्रयोग में भोजन के प्रति लार की अनुक्रिया है-

(a) USC

(b) CS

(c) UCR

(d) CR

**127.** **पावलॉव के प्रयोग में अनुबंधन पैदा करने के दौरान उद्दीपक प्रस्तुतीकरण एवं अनुक्रिया का उपयुक्त क्रम है-**

(a) CS+UCS– CR

(b) CS+UCS– UCR

(c) CS– CR

(d) UCS– UCR

**128. मैं अपनी चाबियों को टी.वी. के पास की खूंटी पर टाँगता था अब मैंने चाबियाँ रखने की खूंटी बदल दी, फिर भी मैं चाबियाँ टाँगने टी.वी. के पास चला जाता हूँ। यह उदाहरण है-**

(a) प्रयत्न व भूल का
(b) अभिप्रेरणा का
(c) अनुबंधन का
(d) लापरवाही का

**129. पावलॉव के प्रयोग में अस्वाभाविक उद्दीपक एवं स्वाभाविक उद्दीपक के प्रस्तुतीकरण के मध्य समय अन्तराल है-**

(a) 10 मिनट

(b) 4/5 मिनट

(c) 4/5 सेकण्ड

(d) 10 सेकण्ड

**130. एक बच्चे की लाल कार से दुर्घटना हो गई, जिससे उसे काफी चोट पहुँची, आगे चलकर वह किसी भी प्रकार की लाल वस्तु को देखकर डरने लगता है। यह उदाहरण है-**

(a) अनुक्रिया सामान्यीकरण

(b) उद्दीपक सामान्यीकरण

(c) उद्दीपक व अनुक्रिया सामान्यीकरण दोनों में

(d) न उद्दीपक सामान्यीकरण, न अनुक्रिया सामान्यीकरण

**131. अनुकूलित अनुक्रिया सिद्धांत की उपयोगिता है-**

(a) भय के निवारण में

(b) शिक्षण सहायक सामग्री के प्रयोग में

(c) संकेत अधिगम द्वारा कार्यों को सरल बनाने में

(d) उपर्युक्त सभी

**132.** पाँच वर्ष का राजू अपनी खिड़की के बाहर तूफान को देखता है कि बिजली चमकती है और कड़कने की आवाज आती है, राजू शोर सुनकर उछलता है बार-बार यह घटना होती है फिर कुछ देर बाद शांति के पश्चात् बिजली कड़कती है। राजू बिजली की गर्जना सुनकर उछलता है। राजू का उछलना सीखने के किस सिद्धांत का उदाहरण है?

(a) क्रियाप्रसूत अनुबंधन
(b) प्रयास एवं त्रुटि सिद्धांत
(c) प्राचीन अनुबंधन सिद्धांत
(d) प्रबलन का सिद्धांत

**133. I.P. पावलॉव के संबंध में असुमेलित विकल्प चुनिए-**

(a) पावलॉव रूस के शरीर क्रिया शास्त्री (चिकित्सा) थे।

(b) पावलॉव के अनुसार सीखना आवश्यकता पूर्ति के द्वारा होता है।

(c) वर्ष 1904 में पावलॉव को चिकित्सा के क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला।

(d) अपने सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धांत को दर्शाने के लिए कुत्ते पर प्रयोग किया।

**134. अस्वाभाविक उद्दीपक के प्रति स्वाभाविक उद्दीपक के समान होने वाली अनुक्रिया को कहा जाता है-**

(a) सम्बद्ध सहज-क्रिया

(b) स्वाभाविक अनुक्रिया

(c) अनानुबंधित अनुक्रिया

(d) उपर्युक्त सभी

**135. परम्परागत सम्बद्धता का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?**

(a) पॉवलव ने

(b) अल्बर्ट बाण्डूरा ने

(c) स्किनर ने

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136. एक बच्चे को लाल गुलाब का कांटा चुभ गया जिससे उसे काफी चोट पहुंची। आगे चलकर वह लाल पौषक या लाल किसी भी चीज को देखकर डरने लगा/लगी। यह उदाहरण है-**

(a) उद्दीपक सामान्यीकरण

(b) अनुक्रिया सामान्यीकरण

(c) उद्दीपक एवं अनुक्रिया दोनों सामान्यीकरण

(d) न तो उद्दीपक सामान्यीकरण न तो अनुक्रिया सामान्यीकरण

**137. अधिगम के व्यवहारात्मक सिद्धान्तों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा कथन अधिगम के विषय में सही है?**

(a) अवलोकन और मापन नहीं किया जा सकता है।

(b) व्यक्तिनिष्ठ मनोवैज्ञानिक विधियों द्वारा मापन किया जाता है।

(c) वस्तुनिष्ठ तरीके से अवलोकन और मापन किया जा सकता है।

(d) अन्तर्वेशन विधि द्वारा मापन किया जाता है।

**138. निम्नांकित में से कौन सा शास्त्रीय अनुबंधन से संबंधित नहीं है?**

(a) विलोपन

(b) तत्काल पुनर्प्राप्ति

(c) विभेदन

(d) शेपिंग

**139. किस प्रकार का अनुबन्धन, अधिगम के लिए सर्वाधिक प्रभावी है?**

(a) विलम्बित अनुबन्धन

(b) समकालिक अनुबन्धन

(c) अनुमार्गी अनुबन्धन

(d) पधगामी अनुबन्धन

**140. शास्त्रीय (क्लासिकल) अनुबन्धन सिद्धांत के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) अधिगम किए गए तथ्य सामान्यतया स्थायी होते हैं।

(b) पुनरावृत्ति पर बल देता है।

(c) बालकों के भय और दुश्चिंता से छुटकारा दिलाने में अनुप्रयोग किया जाता है।

(d) अवबोध और रुचि की भूमिका अत्यन्त कम है।

**141. 'अनुकूलित अनुक्रिया उद्दीपकों की अनुक्रिया द्वारा व्यवहार का स्वचालन है जिसमें उद्दीपन पहले अनुक्रिया के साथ होती है किन्तु अन्त में वह स्वयं उद्दीपन बन जाती हैं। सीखने का यह सिद्धांत किसने दिया?**

(a) बी.एफ. स्कीनर
(b) बाण्डूरा
(c) पावलॉव
(d) थॉर्नडाईक

**142. पावलॉव के शास्त्रीय अनुबंधन में-**

(a) पहले भोजन, इसके बाद ध्वनि उत्पन्न की गयी

(b) पहले ध्वनि, तत्पश्चात् भोजन प्रस्तुत किया गया

(c) भोजन व ध्वनि साथ-साथ प्रस्तुत किए गए

(d) सिर्फ भोजन प्रस्तुत किया गया

**143. अनुबंधन स्थापित होने के बाद यदि बार-बार मात्र अनुबंधित उद्दीपक ही उपस्थित किए जाने पर अन्ततोगत्वा अनुबंधित अनुक्रिया का बन्द हो जाना, कहलाता है?**

(a) बाह्य अवरोध

(b) विलम्ब अवरोध

(c) अनुबंधित अवरोध

(d) विलोप

**144. आप अपने जूते एक रैक में रखते हैं। उस रैक को उस स्थान से हटा दिया है फिर भी आप जूते रखने उसी स्थान पर जाते हैं जहाँ पर पहले रैक रखी थी। ऐसा होने का कारण है-**

(a) पुनर्बलन
(b) अन्तर्दृष्टि
(c) अनुबंधन
(d) भूल

**145. राजू खरगोश से डरता था। शुरू में खरगोश को राजू से काफी दूर रखा गया। आने वाले दिनों में हर रोज खरगोश और राजू के बीच की दूरी कम कर दी गई। अन्त में राजू की गोद में खरगोश को रखा गया और राजू खरगोश से खेलने लगा। यह प्रयोग उदाहरण है?**

(a) प्रयत्न एवं त्रुटि का सिद्धान्त

(b) शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत का

(c) क्रिया प्रसूत अनुबंधन सिद्धान्त का

(d) इनमें से सभी

**146. निम्नलिखित में से शास्त्रीय अनुबंधन का उदाहरण है?**

(a) कुत्ता विद्युत शॉक की मजबूरी को सीख लेता है।

(b) चूहा भोजन प्राप्ति हेतु लीवर को दबाना सीख लेता है।

(c) कुत्ता घण्टी बजने पर लार टपकाना सीख लेता है।

(d) कबूतर भोजन प्राप्ति हेतु कुंजी में से झांकना सीख लेता है।

**147. कक्षा का विद्यार्थी एक शिक्षक से मार खाने के उपरान्त सभी शिक्षकों से डरने लगता है, यह उदाहरण है?**

(a) सामाजिक अधिगम सिद्धान्त का

(b) अनुबंधित सिद्धान्त का

(c) गेस्टाल्ट सिद्धान्त का

(d) संज्ञानात्मक विकास का

**148. स्कीनर द्वारा प्रतिपादित अधिगम सिद्धांत है-**

(a) प्राचीन अनुबंधन

(b) अन्तर्दृष्टि अधिगम

(c) क्रियाप्रसूत अनुबंधन

(d) शास्त्रीय अनुबंधन

**149. अधिगम के निम्न सिद्धांतों में से किस सिद्धांत में अनुक्रिया होने पर पुनर्बलन देने का सुझाव दिया गया है?**

(a) अनुकूलित-अनुक्रिया सिद्धांत

(b) क्रिया प्रसूत सिद्धांत

(c) प्रयत्न व भूल सिद्धांत

(d) शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत

**150. सक्रिय अनुबंधन सिद्धांत के अंतर्गत अधिगम संबंध है-**

(a) उद्दीपक-अनुक्रिया

(b) उद्दीपक-उद्दीपक

(c) अनुक्रिया-अनुक्रिया

(d) अनुक्रिया-उद्दीपक



महारथ Academy

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 101.(c) | 102.(b) | 103.(d) | 104.(d) | 105.(b) |
| 106.(d) | 107.(c) | 108.(c) | 109.(a) | 110.(d) |
| 111.(b) | 112.(c) | 113.(b) | 114.(b) | 115.(b) |
| 116.(b) | 117.(c) | 118.(c) | 119.(c) | 120.(b) |
| 121.(c) | 122.(c) | 123.(d) | 124.(b) | 125.(a) |
| 126.(c) | 127.(b) | 128.(c) | 129.(c) | 130.(b) |
| 131.(d) | 132.(c) | 133.(b) | 134.(a) | 135.(a) |
| 136.(a) | 137.(c) | 138.(d) | 139.(a) | 140.(a) |
| 141.(c) | 142.(b) | 143.(d) | 144.(c) | 145.(b) |
| 146.(c) | 147.(b) | 148.(c) | 149.(b) | 150.(d) |